तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 17 मई 2025

4 सरकार किसी की हो, हर बार एटीएम बन जाता है भुजबंधान तालाब





### पिछले सात महीने से पुलिया में प्रतिबंधित है वाहनों का आवागमन

# टेंडर में देरी इसलिए अब बरसात के बाद बनेगा गोवर्धनपुर का पुलिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

गोवर्धनपुर इलाके में केलो नदी पर बनने वाले पुलिया के लिए अभी तक टेंडर नहीं हुआ है। टेंडर के अभाव में काम आगे नहीं बढ पा रहा है। बता दें कि यह पुलिया पिछले अक्टूबर महीने से जर्जर घोषित है, ऐसे में जिला प्रशासन ने पुलिया में भारी वाहनों को प्रतिबंधित कर दिया है। अब कहा जा रहा है कि पुलिया का काम बरसात के बाद ही होगा। शहर के गोवर्धनपुर के पास केलो नदी पर बना पुलिया करीब दो साल से जर्जर हो चुका है। इससे भारी वाहनों के परिचालन पर प्रतिबंध लगाया गया है। पूर्व में सभी भारी वाहन शहर से होकर गुजरते थे। इसका लगातार विरोध करने के बाद जिला प्रशासन ने केलो नदी में मिट्टी पाटकर रास्ता बनाया, ताकि भारी वाहन इस मार्ग से गुजर सके। अब स्थिति ऐसी बन गई है कि मिट्टी बैठने के बाद अधिक ढलान होने से भारी वाहन चढ़ नहीं पा रहे। इससे लगातार जाम की स्थिति बन रही है। इसकी वजह से एक दिन पहले इंदिरा विहार से लेकर रामपुर तक भारी वाहनों की कतार लगी रही। वहीं अब जर्जर सड़क में फंसे वाहन के किनारे होने पर एक-एक कर वाहन निकल रही है। वाहनो के अनायास जाम लगने से ऐश्वर्यम कालोनी के रहने वाले परेशान हैं ही, वहीं गोवर्धनपुर वासियों की मुश्किलें ज्यादा बढ़ गई है। इन भारी वाहनों के कतार रहने से हादसें का भी भय बना रहता है। वहीं धूल का गुबार और भी परेशान कर रहा है। इसको लेकर अब लोगों में आक्रोश पनपने लगा है।

जर्जर सड़क के चलते भारी वाहन मालिकों को भी नुकसान हो रहा है। क्योंकि जैसे ही भारी वाहन गोवर्धनपुर स्थित केलो नदी में बने बाइपास मार्ग पर पहुंचते हैं, तो कभी पट्टा टूट जाता है तो कभी गेयरप्लेट टूट जाता है, जिससे वाहनों को कई दिनों तक खड़ा रहना पड़ता है। वाहन चालकों के पास कोई दूसरा विकल्प भी नहीं रह गया है। यदि वे शहर के भीतर होकर जाना चाहें तो शहर में वाहनों की नो एंट्री है। ऐसे में मजबूरीवश वाहन चालकों को इसी रास्ते से होकर गुजरना पड रहा है। गोवर्धनपुर से शालिनी स्कूल रोड पर हर दिन सैकड़ों की संख्या में वाहन उद्योगों के लिए आते जाते हैं। संबलपुर से आगे कई छोटे बड़े उद्योग स्थापित हैं। क्षतिग्रस्त पुल के कारण कोयला और अन्य सामान ले जाने में मुश्किल हो रही है। लोगों का कहना है कि पुल के क्षतिग्रस्त होने के कारण गोवर्धनपुर रोड पर दोनों ओर वाहनों की कतार लग रही है। ऐसे में यातायात बाधित हो रहा है। यदि रात में वाहनों को शहर से जाने की अनुमति दी जाए तो समस्या कुछ हद तक कम हो सकती है।






## खबर संक्षेप

### नपाध्यक्ष के नेतृत्व में होगा शहर का विकास



**जशपुरनगर।** नगरपालिका के अध्यक्ष अरविंद भगत ने भागलपुर चौक से भागलपुर रोड में पेवर ब्लॉक लगाने के लिए नगरपालिका के उपाध्यक्ष यशप्रताप सिंह जूदेव निकाय के पार्षदों के साथ 37 लाख सेमर तालाब का सौंदर्यीकरण,12.50 लाख मुक्तिधाम का निर्माण, वार्ड क्रमांक 16 में 30 लाख रु.से भागलपुर चौक से पैंलेस होते हनुमान मंदिर तक पेवर ब्लॉक,एवं 16 लाख रुपए से निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर अरविंद भगत अध्यक्ष नगरपालिका , यशप्रताप सिंह जूदेव उपाध्यक्ष के साथ साथ सभी पार्षद विक्रांत सिह, देवधन नायक, शैलेन्द्री यादव, सुधीर पाठक, कंचन बैरागी अनुज भगत, द्वारिका मिश्रा, विजेता भगत, शबनम ख़ातून विनोद निकुंज, रामशंकर गुप्ता, मुख्य नगर पालिका अधिकारी योगेश्वर उपाध्याय कैलाश खरोले, शुभेंद्रु श्रीवास्तव, शंभु नाथ दुबे, दिनेश सिंह, भोला यादव, संजय जैन, एतवा राम, संतोष ठाकुर, सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

### एसआईएस में की जा रही अधिकारी सेवा की भर्ती

**जशपुरनगर।** भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली एवं ग्लोबल इंडिया स्किल डेवलपमेंट की तरफ से एसआईएस के संयुक्त तत्वाधान में अंतर्गत ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के ग्रेजुएट बेरोजगार युवकों को सुरक्षा अधिकारी कैडर के पद पर चयन प्रक्रिया 15 मई को एसआईएस प्रशिक्षण केन्द्र लाईवलीहुड कॉलेज, डोडकाचौरा ऑफिस में कराई गई। 30 मई 2025 को 350 सुरक्षा अधिकारी कैडर के पद पर आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे है। एसआईएस के कमांडेंट कुमार शिवेन्द्र ने बताया कि सुरक्षा अधिकारी कैडर में भर्ती होने के लिए उम्मीदवार का ग्रेजुएट पास एवं 167.5 सेंमी. हाईट और 21 वर्ष से 40 वर्ष उम्र होना अनिवार्य है। इनकी तैनाती जहां पर होगी राज्य सरकार के न्यूनतम वेतन अधिनियम अंतर्गत अन्य भत्ता योगिता अनुसार पेंशन विधवा पेंशन, ग्रेच्यूटी, ई. एसआई ग्रुप इंश्योरेंस मेडिकल आवास एवं दो बच्चों को आई पीएस देहरादून में पढ़ाने की व्यवस्था, इम्प्लॉय स्टॉक ऑप्शन स्कीम के तहत शेयर का वितरण तथा स्थानांतरण के दौरान यात्रा भत्ता एवं खाने की सुविधा दी जाती है। अधिक जानकारी के लिए एसआईएस की आधिकारिक बेवसाईट से भी फार्म ऑनलाईन ले सकते है।

### राजस्व अधिकारियों ने स्वास्थ्य केन्द्रों का किया आकस्मिक निरीक्षण



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार शुक्रवार को राजस्व अधिकारियों द्वारा वृहद स्तर पर जिले के सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के कड़ी में सभी विकासखण्डों के एसडीएम व तहसीलदार ने सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में पहुंचकर डॉक्टर एवं स्टाफ के उपस्थिति की जानकारी ली। साथ ही स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए अनुपस्थित अधिकारी, कार्मचारी पर कार्यवाही की गई और समय पर उपस्थित होने हेतु कड़ी हिदायत दी गई। इस दौरान राजस्व अधिकारियों द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। एसडीएम नंदजी पाण्डेय ने सीएचसी कुनकुरी का निरीक्षण किया और डॉक्टरों व स्वास्थ्यकर्मी की उपस्थिति की जानकारी ली। इसी प्रकार सभी विकासखण्डों के तहसीलदारों व राजस्व अधिकारियों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों के पीएचसी और सीएचसी का निरीक्षण किया। इनमें पीएचसी कुंजारा, बागबहार, पालीडीह, भगोरा, कोतबा, उप स्वास्थ्य केन्द्र जामझोर, मुण्डापारा, पाकरगांव, सीएचसी पत्थलगांव, फरसाबहार, बगीचा, दुलदुला और आयुष्मान आरोग्य मंदिर बंदरचुआं शामिल हैं।

## भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू होगा भगवान जगन्नाथ मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह

*मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मुख्य आतिथ्य में पुरी के पंडितों का समूह कराएंगे पूजा*

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के कांसाबेल ब्लाक के दोकड़ा में स्थित प्राचीन भगवान जगन्नाथ मंदिर के जीर्णोद्धार के बाद प्राण प्रतिष्ठा का भव्य कार्यक्रम 21 से 27 मई तक किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय धर्मपत्नी कौशल्या साय के साथ शामिल होंगे। प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का शुभारम्भ 21 मई को भव्य कलश यात्रा से होगा।



इस दिन बीजारोपण, पार्श्व विग्रह, गर्भधान कर्म कार्यक्रम सम्पन्न होगा। दूसरे दिन 22 मई को सूर्य पूजन, गौ पूजन, मंदिर प्रवेश, वष्टमवागिनी संस्कार,मंडल पूजा,पार्श्व विग्रह, प्राण प्रतिष्ठा, 23 मई को सूर्य पूजा, गौ पूजा, मंडल पूजा, शिखर कलश, नील चक्र स्थापना, महा स्नान, यज्ञ और अधिवास, 24 मई को सूर्य पूजा,गौ पूजा, मंडल पूजा, यज्ञ हवन, 25 मई को प्राण प्रतिष्ठा, श्री जगन्नाथ, सुभद्रा और बलराम का मंदिर प्रवेश, सोलह पूजा, बीज़ मंत्र, आरती, अग्नि अभिषेक, पूर्णाहुती, छाया प्रति दर्शन, आरती, पुष्पांजलि व प्रसाद वितरण, 26 मई को अष्ट प्रहरी हरि कीर्तन नाम उच्चारण प्रारम्भ 27 मई को पूर्णाहुति और प्रसाद वितरण के साथ ही यह कार्यक्रम सम्पन्न होगा।




### आठ दशक से हो रहा भगवान श्री जगन्नाथ जी की पूजा

*दोकड़ा स्थित इस प्राचीन मंदिर में भगवान श्री जगन्नाथ महाप्रभु की पूजा की परम्परा पिछले 8 दशकों से भी पुराना है। मंदिर के पुजारी पंडित कुमोद चंद्र सतपती बताते हैं इस क्षेत्र में रथ यात्रा की परम्परा की नींव स्व.पंडित सुदर्शन सतपती और उनकी धर्मपत्नी स्व सुशीला सतपती ने रखी थी। 1968 में दोकड़ा में मंदिर का निर्माण किया गया था। समय गुजरने के साथ मंदिर जर्जर हो गया था। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इसके जीर्णोद्धार के लिए आधारशिला रखी थी। अब जीर्णोद्धार का काम पूरा हो चुका है। इस नव निर्मित मंदिर में भगवान श्री जगन्नाथ महाप्रभु, माता सुभद्रा, बलभद्र प्रवेश करने जा रहे है। आयोजन समिति ने अधिक से अधिक संख्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने की अपील श्रद्धालुओं से की है।*

### पुरी के आचार्यों का समूह पहुंचेगा दोकड़ा

भगवान जगन्नाथ महाप्रभु के प्राण प्रतिष्ठा को वैदिक रीती रिवाज़ से सम्पन्न कराने के लिए ओडिसा के जगन्नाथ पुरी से आचार्यो का समूह दोकड़ा आमंत्रित किया गया है। इस समूह में पंडित पद्म्नाभो महापात्र, पंडित वासुदेव महापात्र, पंडित प्रशंत कुमार दास, पंडित जगन्नाथ मिश्र, शोभनाथ मिश्र, पंडित बादल कुमार मिश्र शामिल है। आयोजन समिति के स्वयं सेवक इन दिनों प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारी को अंतिम रूप देने में जूटे हुए हैं।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे शामिल

दोकड़ा स्थित इस प्राचीन भगवान जगन्नाथ मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होने के लिए दोकड़ा पहुंचेंगे। आयोजन के शुभारंम के दिन उनके कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना है। इस प्राचीन भगवान श्री जगन्नाथ मंदिर के प्रति मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की विशेष श्रद्धा रही है। मंदिर का जीर्णोद्धार और भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन उन्ही के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है।

## कलेक्टर और एसएसपी ने ढोकड़ा जगन्नाथ मंदिर के निर्माण कार्य का अवलोकन किया

मुख्यमंत्री के संभावित दौरा को देखते हुए तैयारी का लिया जायजा

कलेक्टर रोहित व्यास और एसएसपी शशि मोहन सिंह ने शुक्रवार को कांसाबेल विकास खंड के ढोकड़ा में जगन्नाथ मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा में मुख्यमंत्री के शामिल होने की संभावना को देखते हुए तैयारी और सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए आम नागरिकों के लिए छाया पानी, बिजली स्वास्थ्य सुविधाएं, पार्किंग सहित सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए लोगों के लिए पर्याप्त मात्रा में पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी एसडीएम बगीचा रितुराज बिसेन सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।



निरीक्षण करते कलेक्टर व एसएसपी।

## अतिक्रमणकारियों पर भारी पड़े सीएमओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

नगर के हृदय स्थल और सबसे व्यस्तम जगह कारगिल चौक पर लंबे अर्से से नगर पंचायत द्वारा बनाये गये नालियों के ऊपर अतिक्रमण कर व्यवसाय कर रहे लोगों पर शुक्रवार को बुलडोजर चला कर नेस्तनाबूत कर दिया गया है। नगर पंचायत गठन के बाद आज तक दो दर्जन से अधिक मुख्य नगरपालिका अधिकारियों का आना जाना हुआ लेकिन किसी ने अतिक्रमणकारियों को हटाने में सफलता नहीं पाई थी।

फिलहाल अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्यवाही को लोग खानापूर्ति होने की बात कह रहे हैं.तो कुछ लोग इसे कार्यवाही शुरू होने की पहल की बात कह रहे है। नगर के कारगिल चौक में लगभग दर्जन भर अतिक्रमणकारियों ने सड़क पर ही धंधा चालू कर दिया था जिससे आये दिन रोड़ जाम की स्थिति निर्मित होती थी.जिसको लेकर हमेशा विवाद की स्थिति बनी रहती थी.इसके साथ ही आवागमन करने वाले लोगों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता था।



अतिक्रमण हटाता बुलडोजर।



अतिक्रमण हटाने के दौरान उपस्थित अधिकारी व पुलिस।

### पहले सीएमओ बने जिन्होंने अतिक्रमण पर चलवाई बुलडोजर..!

नगर में हुये इस अतिक्रमण पर चले बुलडोजर की कार्यवाही पर सीएमओ ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुये बताया कि वे संविधान के बने नियमों का पालन कर अपने कर्तब्यों का निर्वहन कर रहा हूँ.और उच्च अधिकारियों के निर्देश पर यह कार्यवाही होना बताया.उन्होंने कहा कि कारगिल चौक के वन विभाग द्वारा बनाये गये वन डिपो के चारों ओर अतिक्रमण किया गया है.उन मकानों को भी नेस्तनाबूत की कार्यवाही बहुत जल्द करने की बात कही।

### कार्रवाई को लेकर सैकडों की संख्या में जुटे लोग..!

शुक्रवार सुबह से ही दुकानदारों ने अवैध कब्जे हटाने की कार्यवाही शुरू कर दी थी.इसके बाद नगरीय प्रशासन का बुलडोजर पहुंचा तो थोड़ी तनाव की स्थिति बनी.लेकिन इस दौरान पुलिस के जवानों ने मोर्चा सम्हाल लिया जिसके बाद वहां शांतिपूर्ण अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही चली.सीएमओ टीआर यादव ने बताया कि अतिक्रमण कारियों को कई बार नोटिस जारी किया गया था.उसके बाद भी कोई इसका पालन नही कर रहा था.जिसके कारण उन्हें उच्च अधिकारियों के निर्देश पर यह कार्यवाही करनी पड़ी.इस कार्यवाही से उन्होंने संकेत दिया कि आने वाले दिनों में हुये अन्य जगहों पर नगर पंचायत के परिषद बैठक में अहम निर्णय लिये गये है.।



पुलिस के साथ अप्रवासी।

## कोतबा में 23 प्रवासियों की जांच के लिए लिया गया फिंगरप्रिंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले की कोतबा चौकी क्षेत्र में रह रहे बाहर से आए लोगों के खिलाफ पुलिस ने बुधवार को सघन जांच अभियान चलाया।

जांच के दौरान पुलिस ने 23 प्रवासियों के पहचान पत्रों की जांच की और उनके फिंगरप्रिंट भी लिए। सभी प्रवासी झारखंड और पश्चिम बंगाल से आकर कोतबा में फेरीवाले और ठेका मजदूर के रूप में रह रहे थे।

### पहले भी चल चुका है अभियान

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देश पर जिलेभर में अवैध रूप से रह रहे लोगों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इससे पहले जशपुर, कांसाबेल के पोंगरो, बटाईकेला और कुनकुरी टाउन में भी जांच अभियान चलाया जा चुका है।

## सड़क में केज व्हील पहिया के साथ ट्रैक्टर चलाने पर प्रतिबंध

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने सरिया नगर पंचायत के सभागृह में सरपंच, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सहित पुलिस के साथ बैठक किया।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने कहा कि सभी कृषि विस्तार अधिकारी, सरपंच, पुलिस अधिकारी अपने क्षेत्र में मुनादी करके जन सामान्य में 15 दिन तक आम जनता को जानकारी प्रदान करें कि कृषि का काम जैसे ही चालू होता है वैसे ही सड़कों में केज व्हील पहिया का उपयोग ट्रैक्टर में किया जाता है और सड़क में परिवहन करने पर सड़क खराब होता है। सड़क निर्माण बड़ी लंबी प्रक्रिया से पूर्ण होता है। इसलिए सड़क का देखरेख करना हम सबकी जिम्मेदारी है। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों को कहा कि 15 दिन की समझाइश के बाद केज व्हील पहिया वाले ट्रैक्टर पर सख्त चालानी कार्रवाई करें। इसी प्रकार कलेक्टर ने सरपंच को कहा कि राज्य सरकार भवन, स्कूल और कार्यालय निर्माण के लिए निर्माण एजेंसी के रूप में पंचायत में सरपंच को दिया जाता है। सभी सरपंच ध्यान दें जिस तरीके से वह अपने घर का निर्माण जितना अच्छा करते हैं। उसी तरीके से वह कार्यालय भवन आंगनबाड़ी केंद्र आदि का निर्माण करें। स्कूल आंगनबाड़ी में जो बच्चे पढ़ते हैं वह हमारे ही हैं इसलिए सभी ध्यान दें और अच्छा भवन का निर्माण करें। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ इंद्रजीत बर्मन एसडीएम प्रखर चंद्राकर तहसीलदार कोमल साहू आदि उपस्थित थे।

## चरित्र शंका पर पत्नी को मारने दौड़ा नहीं मिली तो बच्ची की कर दी हत्या

**जशपुरनगर।** जिस घर में किलकारी गूंजती थी, वहां अब सन्नाटा पसरा है जिले के दोकड़ा चौकी क्षेत्र अंतर्गत ढोढ़ीबहार गांव में एक पिता ने इंसानियत को शर्मसार कर दिया। पत्नी के चरित्र पर शक करते हुए ढाई साल की मासूम बेटी की धारदार हथियार से हत्या कर दी। घटना रविवार शाम की है। पत्नी पर वार करने के बाद जब वह जान बचाकर भागी तो आरोपी ने बच्ची को निशाना बना लिया। काम से लौटा, खाना नहीं खाया, मन में पल रहा था शक पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, ढोढ़ीबहार निवासी विमल मिंज रविवार को गांव के कोसाबाड़ी में चौकीदारी करने गया था। दोपहर करीब 2 बजे वह घर लौटा। पत्नी ने उसे खाना परोसा,लेकिन उसने गुस्से में मना कर दिया और कहा, मुझे नहीं खाना तुम लोगों को खाना है तो खाओ। इसके बाद वह बरामदे में जाकर कुर्सी पर बैठ गया। उस वक्त पत्नी घर की लिपाई कर रही थी और ढाई साल की बेटी वहीं बरामदे में खेल रही थी।

## तलईपल्ली कोयला खनन परियोजना में बालिका सशक्तिकरण अभियान का भव्य शुभारंभ

**घरघोड़ा।** तलईपल्ली कोयला खनन परियोजना द्वारा आयोजित ष्बालिका सशक्तिकरण अभियान के तीसरे संस्करण का शुभारंभ गरिमामयी वातावरण में किया गया। इस अभियान का उद्देश्य प्रभावित क्षेत्र की बालिकाओं को शिक्षा, आत्मनिर्भरता, आत्मविश्वास और सामाजिक कौशल से संपन्न बनाना है। इस वर्ष इस कार्यक्रम में आसपास के 13 ग्रामों से चयनित 40 बालिकाएं भाग ले रही हैं।

समारोह की शुरुआत पारंपरिक द्वीप प्रज्वलन और एनटीपीसी गीत के साथ हुईए इस अवसर पर नवीन जैन, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक कोयला खनन, एनटीपीसी, ऑनलाइन माध्यम से जुड़े और अपने प्रेरणादायक शब्दों में कहाए बालिका सशक्तिकरण अभियान केवल शिक्षा तक सीमित नहीं हैए बल्कि यह बच्चियों को जीवन के हर पहलू में सक्षम बनाने का एक सशक्त मंच है। इसके पश्चात बालिकाओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं जिनमें उनकी प्रतिभा और आत्मविश्वास की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी। अखिलेश सिंह, परियोजना प्रमुख ने बालिकाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। समारोह में श्रीमती संगीता सिंह, अध्यक्षा, तिलोत्तमा महिला समिति ने अपने संबोधन में बालिकाओं एवं उनके अभिभावकों को आश्वस्त किया कि महिला समिति बालिकाओं की देखभाल और कल्याण हेतु पूर्ण समर्पण के साथ कार्यरत है। कार्यक्रम में सदानंद गौड़ा, ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर, घरघोड़ा ने एनटीपीसी की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की योजनाएं ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा और जागरूकता की अलख जगाने में सहायक होती हैं। अंत में अखिलेश सिंह, परियोजना प्रमुख, तलईपल्ली कोयला खनन परियोजना, ने सभी का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि तलईपल्ली परियोजना न केवल देश को ऊर्जा देती हैए बल्कि अपने सामाजिक दायित्वों के प्रति भी पूरी तरह सजग है। उन्होंने जानकारी दी कि अब तक परियोजना ने 50 करोड़ रुपये से अधिक स्थानीय समुदाय के विकास में खर्च किए हैं।



### प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित

## प्रतिभा किसी का मोहताज नहीं होती, लगन चाहिए : चौहान

**सरिया।** विदित हो कि जहां छत्तीसगढ़ शासन शिक्षा विभाग के पूर्व निर्धारित समयानुकूल मई माह के प्रथम सप्ताह में 5 वींए 8 वीं,10 वीं, 12 वीं सीजी बोर्ड एवं सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं के साथ साथ अधिकांशतः स्थानीय परीक्षाओं का भी रिजल्ट 2025 घोषित हो चुका है।

जिसके तहत हरके माता- पिता, परिवार, समाज, समुदाय अपने अपने बाल बच्चों की उत्कृष्ट सफलता परिणाम से अवगत होकर खुशियां जाहिर करते हुए सोशल मीडिया के अलावा जगह जगह सम्मान समारोह आयोजित कर प्रतिभावान बच्चों का कैरियर मार्गदर्शन व बधाई कार्यक्रम सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी कड़ी में चौहान समाज ने भी शिक्षा सत्र.2024-25 के परीक्षाओं में कड़ी मेहनत व लगनशील अध्ययन से उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय और समाज का नाम रोशन करने वाले ऐसे तमाम विद्यार्थियों को समाज के शिक्षित वर्गों के द्वारा चिन्हांकित कर कैरियर मार्गदर्शन सह प्रतिभा सम्मान करने का प्लानिंग जारी है। विगत दिनों केएल चौहान ने अपनी पारिवारिक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के दरमियान सारंगढ़ रेस्ट हाउस में सामाजिक बंधुओं से भेंट मुलाकात कर समाज के सर्वांगीण विकास हेतु विस्तृत चर्चा परिचर्चा हुई जहां के एल चौहान साहब ने बच्चों पर दबाव पूर्ण कैरियर थोपने से हटकर बच्चों के रुचि आधारित शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की बात कही। साथ ही साथ सामाजिक यूनिटी को जमीन स्तर पर मजबूत करते हुए आपसी भाईचारे व सामंजस्य बनाए रखें ताकि आने वाला युवा पीढ़ी सामाजिक आदर्शों का अनुशरण कर स्वावलंबी व स्वाभिमान की जिंदगी जी सकें। तत्पश्चात तात्कालिक प्राप्त जानकारी के आधार पर उपस्थित धनीराम चौहान और कुमोदिनी चौहान के सुपुत्री कुण राखी चौहान को समाज के वरिष्ठ जनों की ओर से सम्मान पत्र एवं मोमेंटो केएल चौहान साहब के हाथों भेंट कर सम्मानित किया गया। यह की कु. राखी चौहान जिसने कक्षा 5 वीं में 99.5 प्रतिशत अंक अर्जित की है, वहीं प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में समाज के प्रतिशाली छात्र छात्राएं कु. भावना चौहान कक्षा दसवीं से 91ः ए कुण आंचल चौहान 12 वीं में 82.6 प्रतिशत निरुपमा चौहान कक्षा 12 वीं में 94.4 प्रतिशत कु. साक्षी चौहान कक्षा 12 वीं में 86.2 प्रतिशत, आर्यन चौहान कक्षा 12 वीं 80 प्रतिशत, वंशिखा नायक कक्षा 12 वीं 91 प्रतिशत, कु.मानता चौहान कक्षा 8 वीं 96. प्रतिशत कु. आर्या चौहान कक्षा 8 वीं में 94.26 प्रतिशत, आकांक्षा चौहान कक्षा 8 वीं 86.33 प्रतिशत कु. जया चौहान कक्षा 8 वीं 83ः पूर्वी चौहान कक्षा 5 वीं में 97.5 प्रतिशत, आमीन चौहान लिटिल अंबेडकर कक्षा पहली में 100 भारत माता पब्लिक स्कूल पुजेरीपाली सरियाएइसी तरह जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के साथ साथ पूरे प्रदेश के अन्य जिले में भी उत्कृष्ट सफलता प्राप्त कर नाम रोशन करने वाले बच्चों को बधाई सह शुभकामनाएं दी गई।



## बंगुरसिया में हितग्राहियों के लिए जनचौपाल



**रायगढ़।** प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं लाभार्थियों तक समयबद्ध लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से जिला पंचायत रायगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा गत दिवस जनपद पंचायत रायगढ़ में एक विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा कार्यक्रम अधिकारी जनपद पंचायत, सभी उप अभियंता एवं तकनीकी सहायक उपस्थित रहे। बैठक में योजना की प्रगति, निर्माण कार्यों की स्थिति एवं लाभार्थियों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे कार्य में गति लाएं और हितग्राहियों को समय पर योजना का लाभ उपलब्ध कराएं। समीक्षा बैठक में मिले निर्देशों के अनुरूप 14 मई को ग्राम पंचायत बंगुरसिया में आवास हितग्राहियों के साथ जन चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद पंचायत रायगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने की। उन्होंने हितग्राहियों से सीधे संवाद करते हुए उन्हें अगले सात दिवस के भीतर अपने आवास निर्माण में वांछित प्रगति लाने के लिए समझाइश दी।

# कान्स में चला टॉम क्रूज का जादू
# स्टैंडिंग ओवेशन मिला तो हुए भावुक

## 'मिशन इम्पॉसिबल 8' देख 5 मिनट बजती रहीं तालियां

*पेरिस। कान्स फिल्म फेस्टिवल 2025 का दूसरा दिन हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज और उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबल: फाइनल रेकनिंग' के नाम रहा। दूसरे दिन जब टॉम क्रूज कान्स की रेड कार्पेट पर पहुंचे तो लोगों का शोर काफी बढ़ गया। इसके बाद 'मिशन इम्पॉसिबल: फाइनल रेकनिंग' का प्रीमियर हुआ। फिल्म को कान्समें जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। 'मिशन इम्पॉसिबल: फाइनल रेकनिंग' को स्टैंडिंग ओवेशन मिला और काफी देर तक लोग फिल्म की तारीफ में तालियां बजाते रहे। जिसे देखकर टॉम क्रूज भावुक हो गए।*



### निर्देशक क्रिस्टोफर मैकक्वेरी ने की तारीफ

'मिशन इम्पॉसिबलः फाइनल रेकनिंग' के निर्देशक क्रिस्टोफर मैकक्वेरी ने इस दौरान कहा, 'यहां आने और हमारा समर्थन करने के लिए आप सभी का धन्यवाद। मैं इस असाधारण और कमाल के कलाकार को धन्यवाद देना चाहता। जब मैं आपको बताता हूं कि वे कितने असाधारण हैं, तो यह सिर्फ हर दिन काम पर आने के लिए नहीं था। यह फिल्म एक महामारी और दो इंडस्ट्री के हड़तालों के दौरान बनाई गई थी। ये दोनों फिल्में सात साल के समय में बहुत ही मुश्किलों के बीच बनाई गई थीं। यह फिल्म यहां खड़े इन सभी लोगों की कड़ी मेहनत के बिना संभव नहीं होती। यह दुनिया की सबसे असाधारण कास्ट है।' फिल्म के प्रीमियर के दौरान फिल्म की पूरी कास्ट नजर आई।

### लोगों का जताया आभार

कान्स में 'मिशन इम्पॉसिबलः फाइनल रेकनिंग' को मिली प्रतिक्रिया से फिल्म की पूरी टीम काफी खुश और भावुक हो गई। मिशन इम्पॉसिबल फ्रेंचाइजी की आखिर कड़ी के साथ इस फ्रेंचाइजी को अलविदा कहते हुए टॉम क्रूज इमोशनल हो गए। दर्शकों के भारी समर्थन के लिए टॉम क्रूज ने उनका शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर हॉलीवुड स्टार ने कहा, 'यह प्रतिक्रिया ही है जिसकी वजह से हम ऐसा करते हैं। आप ही हैं जिसकी वजह से हम ऐसा करते हैं। ये बड़े पर्दे का अनुभव ही है जिसकी वजह से हम ऐसा करते हैं।'

### भारत में 17 मई को होगी रिलीज

'मिशन इम्पॉसिबलः फाइनल रेकनिंग' भारत में दुनियाभर में रिलीज होने से छह दिन पहले 17 मई को रिलीज हो रही है। इस फिल्म के लिए टॉम ने अपने स्टंट का लेवल और अपग्रेड कर दिया है। भारत में फिल्म को लेकर दर्शकों के उत्साह का अंदाजा इसी से लगाया दा सकता है कि फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू होते ही महज 24 घंटों के अंदर 11,000 से ज्यादा टिकट बिक चुके हैं। कुल मिलाकर अब तक फिल्म के 45 हजार टिकट बिक चुके हैं।

*78वां कान्स फिल्म महोत्सव 13 से शुरू हो चुका है और 24 मई तक चलेगा। हर साल कान्स में कई बॉलीवुड हस्तियां शामिल होती हैं। देखिए कुछ भारतीय एक्ट्रेस के यादगार और स्टाइलिश लुक, जिन्होंने कान्स में बटोरी चर्चा। कान्सरेड कार्पेट पर बॉलीवुड के सबसे यादगार फैशन पल सिनेमा के साथ-साथ ग्लैमरस रेड कार्पेट लुक्स के लिए भी मशहूर है। भारतीय सितारों ने यहां अपने स्टाइल से सबका ध्यान खींचा है। आइए, बॉलीवुड के कुछ सबसे शानदार कान्स लुक्स पर एक नजर डालते हैं...*

# कान्स रेड कार्पेट पर बॉलीवुड के सबसे यादगार स्टाइल मोमेंट्स



**ऐश्वर्या राय बच्चन :** कई ब्रांड की ग्लोबल एंबेसडर ऐश्वर्या का 2017 का लुक सबसे खास था। उन्होंने माइकल सिन्को का फ्रॉस्टी ब्लू बॉल गाउन पहना, जो सिंड्रेला जैसा था। इसके ऊपर कढ़ाई, ट्यूल की परतें और प्लीट्स वाला यह गाउन वर्साय की पेंटिंग से प्रेरित था। यह परीकथाओं जैसा पल था। कान्स में ऐश्वर्या शामिल हो या ना हो, लेकिन उनकी चर्चा इस महोत्सव हो हो ही जाती है।



**दीपिका पादुकोण :** दीपिका ने 2022 में जुहैर मुराद का पारदर्शी आइवरी गाउन पहना था। फ्लोरल लेस, फिशटेल सिल्हूट और गहरी नेकलाइन वाला यह लुक बेहद शानदार था। लोरेन श्वार्ट्ज के हीरे के झुमके और निकोलस किर्कवुड हील्स ने इसे और खास बनाया। दीपिका का यह लुक आज भी चर्चा में है।


**सोनम कपूर :** सोनम ने अनामिका खन्ना की हल्की गुलाबी नेट साड़ी-ड्रेस में क्लासिक और ट्रेंडी लुक को पेश करती है। जिमी चू के जूते और फेरागामो क्लच के साथ उनका लुक हमेशा की तरह एक फैशनिस्टा लुक को दर्शाता है। सोनम का यह स्टाइल हर किसी को बेहद खूबसूरत लगा था।

**अदिति राव हैदरी :** अदिति ने गौरव गुप्ता के 2024 कलेक्शन से ब्लैक एंड व्हाइट गाउन में रेड कार्पेट पर जादू बिखेरा था। उनका यह लुक बेहद यूनीक था। इस मखमली ड्रेप्स और स्लीक हेयरस्टाइल के साथ उनका मिनिमल लुक ग्लैमर की शानदार पेशकश थी।

**अनुष्का शर्मा :** अनुष्का ने अपने डेब्यू में रिचर्ड क्विन की क्रीम रंग की ऑफ-शोल्डर ड्रेस चुनी। साटन गाउन पर 3डी फ्लोरल डिजाइन और जालीदार काम ने इसे खास बनाया। चोपर्ड झुमके और साफ-सुथरी हेयरस्टाइल ने इस लुक को पूरा किया।



**प्रीति जिंटा :** प्रीति ने 2024 में विविएना लोरिकेट का "नायरा" गाउन पहना, जो मेट गाला में भी दिखा। सेक्विन, मोती और क्रिस्टल से सजा यह बैकलेस गाउन मरमेड स्टाइल गाउन बेहद ही खूबसूरत था, जिसे पहनने के बाद प्रीति की खूबसूरती ने चार चांद लगा दिए। फ्रिंज पर्ल ड्रॉप्स और सिल्क बो स्लीव्स ने इसे शानदार बनाया था।



# ट्रेलर देखर पापा खुशी से रो पड़े...


**मुंबई।** सोमनाथ मंदिर पर विदेशी आक्रांताओं के हमलों की कहानी कहती फिल्म 'केसरी वीर' से आकांक्षा शर्मा बतौर लीड हीरोइन डेब्यू कर रही हैं। सुनील शेट्टी को अभिनय में अपना गुरु मान चुकी आकांक्षा शर्मा ने कहा कि मैं तो मानती हूं कि ये महादेव की ही कृपा रही होगी कि मुझे सोमनाथ मंदिर पर बनी फिल्म से बड़े परदे पर शुरुआत करने के लिए चुना गया। मेरी ये पहली फिल्म है और मुझे सबसे अच्छा तब लगा जब फिल्म के सारे कलाकारों ने पहले दिन से ही सेट पर मेरा खास ख्याल रखा। जिस दिन फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ, उस दिन मेरे पापा बहुत खुश थे। उनकी आंखों से खुशी के आंसू भी रह रहकर आ रहे थे लेकिन वह शायद किसी को ये दिखाना नहीं चाहते थे और किनारे जाकर अपनी आंखें पोछ रहे थे, तभी मेरे भाई ने चुपके से उनका ये वीडियो रिकॉर्ड कर लिया।



# अभिनेता से कहीं बढ़कर थे ओमपुरी...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता नसीरुद्दीन शाह और ओम पुरी ने आघात, आक्रोश, मंडी, चाइना गेट, भूमिका, मकबूल, डर्टी पॉलिटिक्स और अर्द्ध सत्य जैसी कई फिल्मों में एक साथ शानदार काम किया है। दोनों को एक सफल जोड़ी के रूप में भी माना जाता है। नसीरुद्दीन शाह ने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर अपनी और ओम पुरी की फिल्म 'अर्द्ध सत्य' को लेकर एक खास पोस्ट शेयर किया है। नसीरुद्दीन ने एक्टर ओम पुरी की एक खास तस्वीर शेयर की और कैप्शन में लिखा, 'कल रात अर्द्ध सत्य को बड़े पर्दे पर बहुत दिनों बाद फिर से देखा गया। सदाशिव और ओम दोनों ही अपने सर्वश्रेष्ठ रूप में हैं। निकोलस रे ने बोगार्ट के बारे में जो कुछ कहा था, वह ओम पर भी लागू होता है, 'उनका चेहरा एक जीवंत निंदा था। वह एक अभिनेता से कहीं बढ़कर थे।

# 'हम साथ-साथ हैं' से लेकर कई बॉलीवुड फिल्में बताती हैं परिवार की अहमियत




**नई दिल्ली।** परिवार का साथ हो तो इंसान मुश्किल वक्त को सहजता से पार कर जाता है, परिवार का प्यार पाकर जिंदगी खुशियों से भर जाती है। इन्हीं बातों को और परिवार की अहमियत को हमारी हिंदी फिल्मों ने भी बड़ी खूबसूरती से बड़े पर्दे पर उतारा है।

***हम साथ साथ हैं :*** साल 1999 में रिलीज हुई सूरज बड़जात्या निर्देशित फिल्म 'हम साथ साथ हैं' एक हिट फैमिली ड्रामा मूवी है। यह फिल्म परिवार के प्यार और साथ की अहमियत को समझाती है। इस फिल्म की कहानी तीन भाइयों के अटूट रिश्ते पर आधारित थी। फिल्म 'हम साथ साथ हैं' में सलमान खान, मोहनीश बहल, सैफ अली खान, सोनाली बेंद्रे, करिश्मा कपूर, तब्बू, आलोक नाथ, रीमा लागू, नीलम कोठारी जैसे मशहूर कलाकारों ने अभिनय किया।

***खोसला का घोंसला :*** फिल्म 'खोसला का घोंसला(2006)' कॉमेडी फिल्म जरूर रही, लेकिन दिबाकर बनर्जी निर्देशित इस फिल्म में परिवार की जो बॉन्डिंग दिखाई गई वह कमाल की है। इस फिल्म की कहानी दिल्ली में रहने वाले एक मिडिल क्लास आदमी किशोर खोसला (अनुपम खेर) की है। अनुपम खेर का किरदार और उनका परिवार कैसे एक बिल्डर खुराना (बोमन ईरानी) से अपनी कब्जा की हुई जमीन छुड़वाता है, यही फिल्म की कहानी है। इस फिल्म में परवीन डबास, विनय पाठक, रणवीर शौरी और तारा शर्मा जैसे एक्टर्स भी नजर आए। आगे चलकर इस फिल्म को बाद में तमिल और कन्नड भाषा में भी रीमेक करके बनाया गया।

***कभी खुशी कभी गम :*** करण जौहर निर्देशित फिल्म 'कभी खुशी कभी गम(2001)' की कहानी भी यह बताती है कि परिवार के बीच चाहे दूरियां आ जाए, उनका आपसी प्यार कभी कम नहीं होता है। फिल्म की कहानी में बिजनेस मैन यशवर्धन रायचंद (अमिताभ बच्चन) अपने गोद लिए बेटे राहुल को खुद से इसलिए अलग कर लेते हैं, क्योंकि वह अपनी पसंद की शादी कर लेता है। कई सालों तक पिता-पुत्र एक दूसरे से दूर रहते हैं। आगे चलकर राहुल (शाहरुख) का भाई रोहन (ऋतिक रोशन) अपने परिवार को करीबी लाता है।

## टीवी मसाला



# अनुपमा ने टीआरपी लिस्ट में फिर की शानदार वापसी

**नई दिल्ली।** सीरियल 'अनुपमा' काफी समय से टीआरपी लिस्ट में पिछड़ रहा था, लेकिन इसने 18वां हफ्ते में वापसी की है और इस बार पहला स्थान हासिल किया है। सीरियल 'अनुपमा' में रुपाली गांगुली लीड रोल में नजर आती हैं। यह सीरियल महिला दर्शकों के बीच काफी मशहूर है। 18वें हफ्ते में इस सीरियल को 1.8 की टीआरपी मिली है। इसने सीरियल 'उड़ने की आशा' को इस बार पछाड़ा है। सीरियल 'उड़ने की आशा' काफी समय से टॉप पर बना हुआ था। इस हफ्ते 'उड़ने की आशा' को 1.8 की टीआरपी मिली है लेकिन यह दूसरे स्थान पर है। तीसरे स्थान पर 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' ने जगह बनाई है, 18वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में इसे 1.6 की टीआरपी मिली है। वहीं चौथे स्थान पर 'जादू तेरी नजर' सीरियल है, इसको 1.5 की टीआरपी मिली है। पांचवें स्थान पर 'लक्ष्मी का सफर' सीरियल है, इसे 1.5 की टीआरपी इस बार मिली है। कॉमेडी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' को 1.4 की टीआरपी मिली है, यह सीरियल कई सालों से दर्शकों को हंसा रहा है। अब भी इसकी कॉमेडी दर्शकों को पसंद आती है। वहीं 'एडवोकेट अंजलि अवस्थी' को 1.4 की टीआरपी इस हफ्ते मिली है। इसके अलावा 'मंगल लक्ष्मी' की टीआरपी 1.4 है। 'लाफ्टर शेफ 2' को 18वें हफ्ते में 1.3 की टीआरपी मिली है। यह सभी शो टॉप टेन शामिल हैं।

## सीआईडी के दया का हुआ भयानक एक्सीडेंट

**नई दिल्ली।** सीआईडी कई सालों से लोगों का एंटरटेनमेंट करता आ रहा है। शो का पहला सीजन कई सालों तक चला है और ये हर घर का हिस्सा बन गया था। दया, एसीपी प्रद्युमन या अभिजीत हो। हर किसी को लोगों ने भर-भरकर प्यार दिया है। ज्यादातर सेलेब्स को लोग उनके असली नाम नहीं, बल्कि शो के नेम से जानते हैं। दया, अभिजीत और एसीपी प्रद्युमन लोगों के फेवरेट हैं। अब इस शो का दूसरा सीजन आया है और उसे भी बहुत पसंद किया जा रहा है। इसी बीच दया का एक वीडियो वायरल हो रहा है जो एक्सीडेंट का सीन है और एसीपी प्रद्युमन का नाम लेकर रोता नजर आ रहा है। इस वीडियो को देखकर फैंस चौंक गए हैं। सीन नें दिखाया गया है कि दया का एक्सीडेंट हो गया है। उसे बहुत चोट आई है और वो हिल भी नहीं पा रहा है। उसके आस-पास आग भी है।



# दादा साहब फाल्के की बायोपिक करने जा रहे आमिर

*दादा साहब फाल्के को भारतीय सिनेमा का पितामह कहा जाता है। उन्होंने ही भारतीय फिल्मों की नींव रखी। तभी उनके नाम पर सिनेमा का सबसे बड़ा पुरस्कार 'दादा साहब फाल्के पुरस्कार' रखा गया। दादा साहब के जीवन और फिल्मों को लेकर उनकी कहानी काफी रोचक है। अब ये कहानी बड़े पर्दे पर भी नजर आएगी। दादा साहब फाल्के के ऊपर फिल्म बनने जा रही है।*

**मुंबई।** भारतीय सिनेमा और फिल्मों के जनक कहे जाने वाले दादा साहब फाल्के की कहानी अब हर किसी को पता चलेगी। क्योंकि, दादा साहब फाल्के के जीवन पर अब फिल्म बनाने की तैयारी है। जिन्होंने भारतीय फिल्मों को लाया, अब उन पर फिल्म लाने का काम करने जा रहे हैं बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहे जाने वाले आमिर खान। श्री इडियट्स और पीके जैसी शानदार ब्लॉकबस्टर फिल्में देने वाली जोड़ी आमिर खान और राजकुमार हिरानी अब दादा साहब फाल्के के जीवन को पर्दे पर उतारने की तैयारी कर रहे हैं।



इस जोड़ी के इस फिल्म पर काम करने से लोगों को फिल्म से काफी उम्मीदें बंधने लगी हैं। दादा साहब फाल्के के पोते चंद्रशेखर श्रीकृष्ण पुसालकर ने इस प्रोजेक्ट का पूरा समर्थन किया है और दादा साहब फाल्के के जीवन से जुड़ी कई खास बातें और घटनाएं साझा की हैं। आमिर खान और राजकुमार हिरानी के फिल्म के लिए फिर से साथ आने से इस फिल्म के बड़े स्तर पर बनने की उम्मीद है।

## 1950 और 60 के दशक में शानदार अभिनय से सबके दिलों पर किया राज

# धार्मिक फिल्मों से अभिनेता महिपाल बने स्टार

*नई दिल्ली। भारतीय सिनेमा के इतिहास में ऐसे कई कलाकार हुए, जिन्होंने फिल्मी दुनिया में गहरा प्रभाव छोड़ा। इन्हीं एक्टर्स में महिपाल का नाम भी शामिल था, जिन्होंने स्टंट फिल्मों से लेकर भक्ति फिल्मों तक में शानदार काम किया। 1950 और 60 के दशक में शानदार अभिनय से सबके दिलों में राज करने वाले महिपाल ने मारवाड़ी फिल्म से अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। इसके बाद फिल्मी सफर साधारण स्टंट फिल्मों से शुरू होकर भक्ति और माइथोलॉजिकल फिल्मों में भगवान के किरदारों तक पहुंचा और महिपाल दर्शकों की नजर में एक स्टार बन गए। अभिनेता ने कई दिग्गज एक्ट्रेस के साथ भी काम किया था। 15 मई 2005 में महिपाल का 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था।*

### सिनेमा कॅरियर की शुरुआत

महिपाल भंडारी का जन्म 24 नवंबर 1919 को जोधपुर में हुआ था। महिपाल को बचपन से ही कला में खास रुचि थी। उन्होंने कॉलेज के दिनों में थिएटर के जरिए लोगों को अपनी एक्टिंग का कायल बना लिया था। साल 1942 में महिपाल ने मारवाड़ी फिल्म 'नजराना' से अपने सिनेमाई करियर की शुरुआत की थी। हालांकि, इस फिल्म से उन्हें कुछ खास पहचान नहीं मिली।

### स्टंट फिल्मों में भी किया काम

1950 के दशक की समाप्ति तक महिपाल की पहचान एक कुशल अभिनेता के रूप में हो चुकी थी। अभिनेता को बॉलीवुड में स्टंट फिल्मों के लिए भी जाना जाता था। उन्होंने पारसमणि, जबक, कोबरा गर्ल, जंतर मंतर जैसी स्टंट फिल्मों में काम किया। इसके अलावा महिपाल ने अरेबियन नाइट्स थीम वाली फिल्में भी कीं, जिसमें अलीबाबा और 40 चोर, अलादीन और जादुई चिराग जैसी फिल्में शामिल थीं।



### चर्चित एक्ट्रेस के साथ किया काम

महिपाल का अभिनय करियर केवल धार्मिक फिल्मों तक सीमित नहीं रहा। उन्होंने अपने समय में 130 से अधिक फिल्मों में काम किया था। इस दौरान उन्होंने कई चर्चित अभिनेत्रियों के साथ भी काम किया था। अभिनेता एक्ट्रेस मीना कुमारी के साथ 'श्री गणेश महिमा' फिल्म में नजर आए थे। इसके अलावा उन्होंने माला सिन्हा, निरुपा रॉय जैसी अभिनेत्रियों के साथ भी काम किया था। उनके साथ काम करना अपने आप में एक उपलब्धि माना जाता था।

### भगवान के रोल ने बदली किस्मत और मिली पहचान

महिपाल ने कई अहम रोल किए, लेकिन उन्हें असली प्रसिद्धि तब मिली, जब उन्होंने पौराणिक (माइथोलॉजिकल) फिल्मों में अभिनय करना शुरू किया। एक दिन फिल्ममेकर होमी वाडिया के असिस्टेंट का कॉल आया, जिसने अभिनेता की जिंदगी बदल दी। श्री गणेश महिमा' फिल्म में महिपाल ने पहली बार गणेश भगवान का किरदार निभाया, जो हिट हुई और इसके बाद अभिनेता का कॅरियर चमक उठा। इस फिल्म के बाद महिपाल ने संपूर्ण रामायण , वीर भीमसेन, वीर हनुमान, हनुमान पाताल विजय , जय संतोषी मां जैसी धार्मिक फिल्मों में नजर आए, जो हिट साबित हुई। इन फिल्मों के बाद दर्शक अभिनेता को भगवान मानने लगे थे।

16 -MAY -RAIGARH-BHOOMI-pg-4_Layout 1 5/16/2025 8:48 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### ग्राम बागलोटा में बन रही अवैध महुआ शराब

**बिलाईगढ़।** सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के नगर पंचायत बिलाईगढ़ से महज 6 से 7 किलोमीटर दूर पर बागलोटा जो की ग्राम खजरी से लगा हुआ है, यहां पर महुआ शराब बनाने व शराब की सप्लाई नगर से 40-50 किलोमीटर दूर दूर तक महुआ शराब का आतंक छाया हुआ है, वहां पर प्रतिदिन लगभग हजारों लीटर महुआ का शराब के नाम पर जहर का उत्पादन किया जाता है व बेचा जाता है वो भी बिलाईगढ़ थाना व आबकारी ऑफिस से महज 6 से 7 किलोमीटर दूर पर ग्राम बागलोटा के बारे में पुलिस विभाग व आबकारी विभाग की मिलीभगत से यह घिनौना काम हो रहा है। जानकारों की मानें तो वहां से हर महीने लाखों रूपए पुलिस के पास जाता है, जिस कारण वंहा कोई भी प्रकार की कड़ी कार्यवाही नहीं होती। कभी कभार छोटी मोटी केस बनाकर खानापूर्ति की जाती है। यहां पर 80 प्रतिशत घरों में शराब बनाई व बेची जाती है। जिससे आसपास के ग्रामों में महुआ शराब का आतंक बना हुआ है। बिलाईगढ़, बनहिल, छपोरा, गोरबा इत्यादि गांवों में खुलेआम शराब बेची और पिलाई जाती है।

### पुसौर में रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता



**पुसौर।** पुसौर के कई पहचान में से एक क्रिकेट भी है जो इन्द्रप्रस्थ स्टेडियम में लगातार इसके आयोजन होते रहने से देश के कई राज्यों में पुसौर के आयोजक मंडल और क्षेत्र के लोगों की खेलप्रियता की चर्चा बनी हुई है। इसमें एक क्षेपक अब रात्रिकालीन क्रिकेट भी जुड गया है जो बिते 13 मई से बोरोडिपा खेल मैदान में फ्लड लाईट क्रिकेट प्रतियोगिता के बेनर तले शाम 7 बजे से 12 बजे तक हो रहा है। यह आईपीएल के तर्ज में 12 टीमों के मध्य टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता हो रहा है, जिसका उद्घाटन अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहित सतपथी व उपाध्यक्ष उमेश व अन्य पार्षदों की उपस्थिति में हुई। प्रतियोगिता में कुल 12 टीमें शामिल हैं, जो 3-3 मैंच खेलेंगे।

### जनपद सदस्यों की खिंचातानी विकास कार्य ठप




**सारंगढ़।** सारंगढ़ जिले के जनपद पंचायत बरमकेला मे 96 ग्राम पंचायत हैं और 25 जनपद सदस्य क्षेत्र है। जिससे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद क्षेत्र की जनता गांवों के विकास कार्य पर आस लगाए बैठी हुई है। भले ही प्रदेश मे भाजपा की सरकार हो लेकिन जनपद पंचायत बरमकेला मे कांग्रेस कि सरकार है। लेकिन बड़ी बिडम्बना है कि जनपद पंचायत कार्यालय बरमकेला मे अभी तक विकास कार्य का खाता नहीं खोल पाया है, इसकी बड़ी वजह जनपद सदस्यों का आपसी खींचातनी है। जनपद सदस्य सिर्फ अपना स्वार्थ देख रहे हैं, ना कि क्षेत्र के जनता की चिंता है। सूत्रों के अनुसार जनपद पंचायत कार्यालय बरमकेला मे जनपद सदस्यों के बीच आपसी खींचतान थमने का नाम ही नहीं ले रहा है, जिससे ग्रामीण विकास ठप हो गया है। ये सिर्फ सरकार के राशि को आबंटन कर क्षेत्र मे सरपंचो से कमीशन राशि लेकर खपाने कि चिंता ज्यादा सत्ता रही है। ऐसे मे ग्रामीण क्षेत्र के विकास कार्य बाधित हो रहे हैं। देखना दिलचस्प होगा कि कब तक जिम्मेदार जनपद सदस्य अपने क्षेत्र के विकास कार्य के लिए पहल कर पाएंगे। या इनकी लड़ाई का खामियाजा आमजन को भुगतना पडेगा। क्षेत्र के जनपद सदस्यों के इस कार्य से जनता बेहद दुखी है। अगर ग्रामीण विकास कार्य के लिए पहल नहीं करते है तो ग्रामीण की जनता इनके नाम से उग्र आंदोलन करने मे बाध्य होगा। इन विषम परिस्थिति से ना तो सारंगढ़ विधायक उत्तरी जांगड़े सजग हैं, ना ही रायगढ़ विधायक।

# सिम्स का डॉक्टर बताकर दंपती ने सिविल कांट्रेक्टर से ठग लिए 15 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़





खुद को सिम्स डॉक्टर बताकर पति-पत्नी ने जमीन व मकान बेचने के नाम पर एक युवक से पंद्रह लाख रुपए ठग लिए। साथ ही उसी मकान का सौदा 2 अन्य लोगों से भी कर दिया। ठगी का अहसास होने के बाद युवक ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार रायगढ़ के रेलवे बंगलापारा का रहने वाला चंदन सिंह ठाकुर सिविल ठेकेदारी का काम करता है। साल 2024 में उसकी जान पहचान जरहाभांठा बिलासपुर में रहने वाली पल्लवी मिश्रा बंजारे व उसके पति संजय बंजारे से हुई। तब पति-पत्नी दोनों ने खुद को सिम्स का डॉक्टर बताया। ऐसे में बात ही बात में चंदन ने बताया कि उसे रायपुर में मकान खरीदना है। तब पति-पत्नी ने मठपुरैना धरसिंवा रायपुर में स्थित उनके जमीन व उसमें बने मकान को बचेने की बात कही। इसके बाद संजय बंजारे ने चंदन को उस जमीन व मकान को दिखाने के लिए रायपुर ले गया। जहां चंदन को जमीन व मकान पसंद आने पर उसने दस्तावेज दिखाने कहा, तो संजय बंजारे ने जमीन की फोटो कापी दिखाया। ऐसे में मकान का सौदा 47 लाख रुपए में तय किया गया और चंदन ने एडवांस के तौर पर उसे नगद 50 हजार रुपए पल्लवी मिश्रा बंजारे को दिया। इसके बाद 23 अक्टूबर 2024 को रायगढ़ में चंदन ने 10 लाख रुपए का चेक दिया और 4 माह के भीतर उसके नाम से रजिस्ट्री करने के लिए नोटरी कराया। इसके बाद 28 अक्टूबर 2024 को संजय बंजारे ने बाकी के रुपए की मांग की, तो चंदन ने 5 लाख रुपए फिर से उसे दिया। इस तरह जमीन व मकान खरीदन के लिए संजय व पल्लवी मिश्रा बंजारे को 15 लाख 50 हजार रुपए चंदन ने दे दिया। कुछ समय बीत जाने के बाद चंदन ने कई बार उसके नाम मकान की रजिस्ट्री करने के लिए कहा, तो संजय बंजारे टालमटोल करने लगा।

### बिलासपुर के आशीष और रायपुर के तौसिफ से भी सौदा

आरोपी पल्लवी मिश्रा बंजारे व संजय बंजारे ने उसी भूमि व मकान का सौदा बिलासपुर में रहने वाले आशीष टंडन व रायपुर के मोहम्मद तौसिफ से भी करते हुए उनसे भी कुछ रकम लिया है। तब चंदन को ठगी का अहसास हुआ और उसने फोन पर संजय बंजारे को जमीन व मकान का रजिस्ट्री कराने या फिर रुपए वापस करने कहा, तो संजय फोन पर गाली गलौज करते हुए झुठे केस में फंसा देने की धमकी देने लगा।

### बाउंस हुआ चेक

चंदन ने 27 अप्रैल 2025 को फिर से अपने रुपए मांगे तो संजय उसे दयालबंद बिलासपुर बुलाया और आईसीआईसीआई बैंक बिलासपुर खाता का 15 लाख रुपए का चेक दिया। जिसे चंदन ने 3 मई को रुपए आहरण के लिए बैंक में जमा किया, तो चेक बाउंस हो गया। जिससे चंदन समझ गया कि पल्लवी मिश्रा बंजारे व संजय बंजारे उसके धोखाधड़ी कर रहे हैं। ऐसे में उसने कोतवाली में रिपोर्ट किया है

## पहले चालीस लाख से सौंदर्यीकरण हुआ, अब फिर से हो रही खुदाई

# सरकार किसी की हो, हर बार एटीएम बन जाता है भुजबंधान तालाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ नगर निगम क्षेत्र में एक तालाब ऐसा भी है जो जनप्रतिनिधियों के लिए किसी एटीएम से कम नहीं है। शहर में चाहे किसी की सरकार बने यह तालाब जनप्रतिनिधि और ठेकेदारों को एटीएम की तरह पैसा देता है। यहां बात हो रही है भुजबंधान तालाब की। जहां इन दिनों सौंदर्यीकरण के नाम पर जेसीबी से खुदाई हो रही है। जबकि इस तालाब का हाल ही में सौंदर्यीकरण के नाम पर चालीस लाख रूपए खर्च किया गया था। लेकिन अब नए सिरे से लाखों रूपए खर्च हो रहा है।

शहर के बैकुण्ठपुर मोहल्ले में स्थित भुजबंधान तालाब कभी 14 एकड़ के विस्तृत क्षेत्र में हुआ करता था। इस तालाब के पानी से कभी लोग निस्तारी से लेकर पीने में उपयोग किया करते थे। लेकिन आज स्थिति ऐसी है कि इस तालाब में पानी का एक बूंद भी नहीं है। बारिश में तालाब में पानी कुछ दिनों तक रहता जरूर है, लेकिन वह भी धीरे धीरे लिकेज होकर निकल जाता है। तालाब की स्थिति बद से बदतर हो चुकी है। रखरखाव के अभाव में तालाब जीर्ण शीर्ण अवस्था में पड़ा है। एक समय था जब इस तालाब में भीषण गर्मी में 3 से 4 फीट पानी रहता ही था। आज तालाब में सिर्फ नाली का बहकर आया पानी ही दिखाई पड़ता है। यह तालाब आज मौजूदा दौर में लोगों के किसी काम का नहीं रह गया है। इस तालाब का अपना धार्मिक महत्व भी कभी रहा करता था। तालाब के किनारे प्रसिद्घ राम मंदिर स्थित है। पुराने समय के लोग बताते हैं कि तालाब और मंदिर कभी एक दूसरे के पूरक हुआ करते थे। मंदिर के हर कार्यक्रम में तालाब की महत्वपूर्ण भूमिका रहा करती थी। हालांकि ये तालाब हरेक कार्यकाल में एटीएम जैसे कार्य करता है। कुछ साल पहले ही इस तालाब में चालीस लाख रूपए खर्च हुआ था, वहीं अब फिर से इसे संवारने के नाम पर पैसे को पानी की तरह बहाया जा रहा है।

भुजबंधान तालाब में अतिक्रमण जोरों पर है। चौदह एकड के प्लाट में आधा से ज्यादा अतिक्रमण है। जिससे क्षेत्रवासियों में नाराजगी बढ़ रही है। बीते गुरूवार को बावलीकुंआ और धांगरडीपा मोहल्ले के लोगों ने ज्ञापन सौंपा और बताया कि बारिश से पहले भुजबंधान तालाब की डबरी से अतिक्रमण हटाकर नाले की सफाई नहीं की गई तो इस बारिश में बावलीकुंआ से लेकर धांगरडीपा और बैकुंठपुर एरिया के झाखर गली के भी सभी घर जलमग्न हो जाएंगे। हर बार बारिश में जल निकासी नहीं होने से नालियों का गंदा पानी मोहल्ले वासियों के घरों में घुस जाता है।



### बारिश से पहले दहशत में मोहल्लेवासी

बावलीकुंआ बैकुंठपुर धांगरडीपा समेत करीब आधा दर्जन मोहल्लों से घिरी भुजबंधान तालाब को लेकर मोहल्लेवासी परेशान हैं। दरअसल तालाब तो पूरी सूख चुकी है, लेकिन सालों पहले इसी तालाब को काटकर बनाई गई डबरी अब अतिक्रमण व अवैध कब्जे का शिकार हो रही है। ढलान बसे होने के कारण बावलीकुंआ मोहल्ले से करीब आधा दर्जन मोहल्लो का पानी आता है और एक डेढ़ फिट की छोटी सी नाली से होकर इसी डबरी में जाता है, लेकिन अब डबरी पूरी तरह से भर चुकी है और अतिक्रमण व कचरे के कारण पानी की निकासी नहीं हो रही है। जिससे इस बार बारिश में आसपास के मोहल्लों में जलभराव की समस्या विकराल होने की आशंका है।

### चालीस लाख खर्च के बाद भी नहीं सुधरा तालाब

वर्तमान में भुजबंधान तालाब पटकर उथला हो गया है। तालाब के चारों ओर गंदगी फैली हुई है। चारों ओर कचरे और गंदगी का ढेर दिखाई देता है। मोहल्लेवासियों की मानें तो तालाब का सही तरीके से न तो गहरीकरण कराया गया है और ना ही सही तरीके से रखरखाव किया गया। ऐसे में तालाब की स्थिति दिनों दिन बदतर होती जा रही है। जबकि हाल में इस तालाब को संवारने के लिए चालीस लाख रूपए खर्च हुआ है।

तालाब का गहरीकरण नहीं कराया जा रहा है, बल्कि तालाब के भीतर उगने वाले घास को हटाने का काम चल रहा है। तालाब में अवैध कब्जा भी है, जिसे जल्द हटाया जाएगा।

**एके लोहिया**
ईई, नगर निगम

# अवैध शराब के खिलाफ महिलाओं ने मोर्चा खोला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया



क्षेत्र के गांव गांव में फल फूल रहे अवैध शराब के विरोध में इन दोनों महिला संगठनों द्वारा अवैध शराब के खिलाफ मोर्चा खोला है। शुक्रवार को सरिया थाना अंतर्गत ग्राम जामपाली के महिला समूह ने अवैध शराब बिक्री को लेकर मोर्चा खोला। महिला संगठन ने सरिया थाना पहुंचकर पुलिस प्रशासन से मांग किया है कि अवैध शराब पर तत्काल रोक लगाते हुए कार्रवाई की जाए। अन्यथा महिला संगठन उग्र आंदोलन प्रदर्शन करने के लिए बाध्य रहेगा। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के थाना क्षेत्र सरिया में इन दिनों गांव गांव में अवैध शराब की बिक्री धडल्ले से होने से महिलाओं में खासी नाराजगी है। आज शुक्रवार को ग्राम जामपाली के शारदा स्व सहायता समूह की महिलाओं ने सरिया थाना पहुंचकर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौपा।उन्होंने ज्ञापन में लिखा है कि हमारे गांव में विगत कई वर्षों से अवैध शराब का कारोबार धडल्ले से हो रहा है। जिसके कारण महिलाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। थानेदार ने महिला स्वसहायता समूह को आश्वासन देते हुए कहा कि शीघ्र ही इस पर उचित कार्रवाई की जाएगी। तत्पश्चात महिला समूह अपने घर की ओर प्रस्थान किया। बता दें कि ग्राम जामपाली में यहां के शारदा स्वसहायता समूह के द्वारा अवैध शराब बिक्री को लेकर गांव में कई बार विरुद्ध किया है तथा पुलिस प्रशासन द्वारा आयोजित जन चौपाल में भी अवैध शराब को लेकर मुद्दा उठाया गया था। तब कुछ दिन बाद अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया। और अपना धंधा बंद कर दिए। कुछ दिनों बाद फिर से अवैध शराब का कारोबार धड़ल्ले से चालू है। शारदा स्वसहायता समूह ने बताया कि शराब आत्मा और शरीर दोनों को खोखला कर देता है। फिर भी माफियाओं द्वारा गांव की शांत वादियों में शराब पहुंच कर युवा पीढ़ी को बर्बाद करने का प्रयास किया जा रहा है। जिसके विरोध में हम लोग सरिया थाना पहुंचकर अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाने की मांग की है। समूह ने कहा कि शराब का नशा व कारोबार समाज पर अभिशाप है। इसलिए मातृशक्ति को आगे आने की जरूरत पडा स्व सहायता समूह ने कहा कि अवैध शराब के कारण महिलाओं का घरों से निकलना दुभर हो रखा है। इसीलिए आज हम लोग यहां आकर अवैध शराब के कारोबार पर घोर विरोध कर रहे हैं । यदि शीघ्र ही उचित कार्रवाई नहीं हुई तो हम लोग उग्र आंदोलन प्रदर्शन करने के लिए बाध्य रहेंगे। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस संबंध में सरिया थाना प्रभारी प्रमोद यादव ने बताया कि पूर्व में यहां जन चौपाल लगाकर जन जागरूक लाया गया था।

# समाधान शिविर में वन समितियों को मिली 6 लाख की सौगात

**सारंगढ़।** बरमकेला ब्लॉक के ग्राम पंचायत बार में आयोजित समाधान शिविर वनांचल क्षेत्र के समितियों के लिए सौगात भरा रहा। आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास आदिवासी विकास विभाग द्वारा 239 वन अधिकार समितियों को 3 लाख 423 रूपए और 40 वन संसाधन समितियों को 3 लाख 1 हजार 840 रूपए का चेक प्रदान किया गया। अतिथियों ने इन दोनों चेक का वितरण सीईओ अजय पटेल जनपद पंचायत बरमकेला को सौंपे। इस अवसर पर ज्योति पटेल, बार के सरपंच तेजराम सहित अन्य अतिथि व अधिकारीगण उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार सुशासन तिहार के माध्यम से जनसमस्याओं के त्वरित समाधान का कार्य कर रही है। साथ ही शासन की योजनाओं और उनके लाभों को सीधे जनता तक पहुंचाने का अभियान निरंतर जारी है। कार्यक्रम के अतिथि संजय भूषण पांडे ने कहा कि मुख्यमंत्री के मंशानुरूप गांव-गांव में सुशासन पहुंच रहा है और आमजनों के मांग और समस्याओं पर त्वरित निराकरण हो रहा है। सुशासन तिहार संवाद से समाधान के तहत की संजय भूषण पांडे अध्यक्ष जिला पंचायत ने विकासखंड बरमकेला के ग्राम पंचायत बार में आयोजित समाधान शिविर में पहुंचे एवं आमजनों से चर्चा कर उनकी समस्याओं का समाधान किया। अजय नायक उपाध्यक्ष जिला पंचायत ने इस अवसर पर कहा कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे सुशासन तिहार का उद्देश्य न प्रशासनिक पारदर्शिता सुनिश्चित करने के साथ ही आम जनता तक सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों के आयोजन से शासन और प्रशासन के प्रति विश्वास और जागरूकता बढ़ती है। केंद्र एवं राज्य सरकार के सुशासन में मोर आवास मोर अधिकार के तहत गांव.गांव में पक्का आवास बन रहा है। शासन.प्रशासन के द्वारा योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करते हुए सभी को पक्का आवास का लाभ दिया जा रहा है। नारी सशक्तिकरण के लिए महिलाओं के खाते में महतारी वंदन योजना अंतर्गत 1 हजार की राशि दी जा रही है। कृषि सभापति अभिलाषा कैलाश नायक ने कृषि क्षेत्र में शासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में भी जानकारी देते हुए जंगलों, खेतों में आग न लगाने की समझाईश दी और उन्होंने कहा कि इससे पर्यावरण को नुकसान होने के साथ ही पैदावार पर भी प्रभाव पड़ता है।

# सुशासन तिहार : छपोरा एवं खडग़ांव में समाधान शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप जनसामान्य की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करना तथा विकास कार्यों में गति लाने के साथ ही आम जनता, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करने हेतु सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तीसरे चरण में लोगों की समस्याओं के समाधान हेतु कलस्टर स्तर पर समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है ताकि ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं से जोड़ते हुए उनके स्थानीय समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा सके।

गुरूवार को पुसौर के छपोरा एवं धरमजयगढ़ के खडग़ांव में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। छपोरा में 14 ग्राम पंचायतों के लिए समाधान शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें बाघाडोला, बासनपाली पूर्व, भाटनपाली, बिंजकोट, छपोरा, दर्रामुड़ा, एकताल, गुड्डू, झलमला, केशला, मिड़मिड़ा, नेतनागर, रेंगालपाली एवं सोड़ेकेला ग्राम पंचायत शामिल रहे। समाधान शिविर में इन पंचायतों से प्राप्त आवेदनों के निराकरण के साथ ही विभागों में संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण लाभान्वित हो सके। इस दौरान आज आयोजित शिविर में मांग एवं शिकायत के आवेदन प्राप्त किए गए जिसका यथासंभव मौके पर निराकरण किया गया। इसी तरह धरमजयगढ़ के खडग़ांव में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जानकारी दी गई कि प्रथम चरण के प्राप्त 1444 प्राप्त आवेदनों का शत प्रतिशत निराकरण किया जा चुका है। वहीं आज 204 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर 89 आवेदनों का निराकरण किया गया। इस दौरान पात्र हितग्राहियों को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित किया गया। जिसमें जनपद पंचायत द्वारा दिशा ग्राम संगठन मेडरमार ग्राम पंचायत बायसी कालोनी को सामुदायिक निवेश निधि के रूप में 60 हजार रुपये प्रदान किया गया। समूह के सदस्यों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि आर्थिक सहयोग से समूह को मजबूती मिलेगी। साथ ही अन्य आर्थिक गतिविधियों के संचालन में सहुलियत होगी। इस दौरान 6 हितग्राहियों को पीएम आवास के पूर्णता प्रमाण.पत्र तथा 10 विद्यार्थियों को शिक्षा विभाग द्वारा जाति प्रमाण.पत्र वितरित किया गया। सुशासन तिहार के अवसर पर धरमजयगढ़ के खडग़ांव में आयोजित समाधान शिविर स्थल में जल संकल्प रायगढ़ कार्यक्रम का आयोजन जल प्रहरी श्री नीरज वानखड़े के द्वारा किया गया। जिसमें उन्होंने जल संचय न होने पर आने वाले समय में होने वाली जल समस्या के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में नीरज वानखड़े द्वारा प्रश्नोत्तरी के माध्यम से लोगों का जल संचय के प्रति जागरूक किया।



# नवाचारी किसान पीतांबर : तरबूज, पपीता, खीरा से कमा रहा लाखों

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जहां अधिकतर किसान आज भी परंपरागत धान की खेती में सीमित आय से जूझ रहे हैं, वहीं रायगढ़ जिले के ग्राम लोहरसिंह निवासी पीतांबर नायक ने खेती में नवाचार कर एक मिसाल पेश की है। उन्होंने धान की जगह उद्यानिकी फसलों को अपनाया और अब तरबूज, खरबूज, पपीता, खीरा और करेला जैसी नकदी फसलें उगाकर हर सीजन में 8 से 10 लाख की आमदनी कर रहे हैं।

पीतांबर नायक के पास स्वयं का लगभग 30 एकड़ कृषि भूमि है, जिसमें से कुछ हिस्सों वे आधुनिक तरीके से उद्यानिकी खेती शुरू की है। इस बदलाव के पीछे उनकी दूरदर्शी सोच के साथ राष्ट्रीय उद्यानिकी मिशन के योजनाओं का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा है। उन्हें उद्यानिकी विभाग के लगातार मार्गदर्शन के साथ ही शेड नेट हाउस, पैक हाउस जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई, जिससे उनकी फसलों की गुणवत्ता और उत्पादन दोनों में सुधार हुआ। जिससे फसलों के बेहतर मांग से उन्हें उचित मूल्य मिल रहा है। पीतांबर नायक बताते हैं कि पहले वे परंपरागत खेती में सीमित आमदनी से संतुष्ट थे, लेकिन विभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन और सरकारी योजनाओं की जानकारी मिलने से उन्हें नवाचार करने का सोचा और आज फसल के लिए उन्होंने शेड नेट हाउस तैयार कर चुके है। उन्हें खरीफ में धान से जितना लाभ होता था, उससे कही अधिक उन्हें रबी में उद्यानिकी फसल से हो रहा है। आज वह उद्यानिकी फसलों से लाखों की कमाई कर रहे है।

### उन्नत तकनीक से खेती

पीतांबर नायक उन्नत तरीके से खेती करते हैं। वे अपने आमदनी का ज्यादातर हिस्सा अपने खेतों के लिए उन्नत तकनीक खरीदने में खर्च करते है, ताकि कम समय में अधिक कार्य कर लाभ अर्जित कर सके। कृषक नायक कहते है कृषक शासकीय योजनाओं का सही उपयोग करें और आधुनिक तकनीक से जुड़ेंए तो खेती भी एक उन्नत व्यवसाय बन सकती है। उनकी यही सोच आज आसपास के किसानों को भी उद्यानिकी फसल अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

### कृषि विभाग द्वारा खाद-बीज दुकानों का औचक निरीक्षण

**बिलाईगढ़।** जिले में किसानों को गुणवत्ता युक्त खाद, बीज, कीटनाशक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के आदेशानुसार एसडीएम बिलाईगढ़ डॉ वर्षा बंसल द्वारा भटगांव उपस्थित मेसर्स पुष्पराज केसरवानी के विक्रय संस्थान का औचक निरीक्षण किया गया। विक्रय स्थल पर दैनिक स्टॉक सूची चस्पा नहीं, पीओएस स्टॉक और भौतिक स्टॉक में अंतर ए पुराने खाद का स्टॉक तथा अमानक कीटनाशक का प्रदर्शन करना पाया गया जिसके लिए मेसर्स पुष्पराज केसरवानी को नोटिस दिया है तथा रसायनिक खाद, बीज का सैंपल परीक्षण हेतु लिया गया है। पूर्व में भी अन्य 2 संस्थान को भी पूर्व में निरीक्षण किया गया और खाद का सैंपल लिया गया।

